C.A.P.F (ACs)
Examination - 2025

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

टी.बी.सी. : **FKKB–O–GAIT** | परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

क्रम संख्या **1121325**

**A**

# परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य योग्यता एवं बुद्धिमत्ता

**समय : दो घण्टे** | **पूर्णांक : 250**

### अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।
2. कृपया ध्यान रखें कि **OMR** उत्तर-पत्रक में उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A, B, C** या **D** को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **125** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर **ही** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. **सभी** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **सभी प्रश्नों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

***Note*** **: English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.**

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. केन्द्रीय मंत्रिमंडल, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023 में राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (NGHM) को अनुमोदित किया गया था।
2. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने भारत की हरित हाइड्रोजन प्रमाणन योजना प्रारंभ की है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**2.** भारत और पोलैंड एक पंच-वर्षीय कार्य-योजना के अनुसार 'भारत-पोलैंड रणनीतिक साझेदारी' को कार्यान्वित करने के लिए सहमत हुए हैं। इस चालू पंच-वर्षीय कार्य-योजना को चिह्नित कीजिए।

*(a)* कार्य-योजना, 2023–27

*(b)* कार्य-योजना, 2022–26

*(c)* कार्य-योजना, 2024–28

*(d)* कार्य-योजना, 2025–29

**3.** 'विज्ञान रत्न पुरस्कार' श्रेणी के अंतर्गत 'राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार, 2024' किसे प्रदान किया गया?

*(a)* प्रो० गोविन्दराजन पद्मनाभन

*(b)* डॉ० आनंदरामकृष्णन सी०

*(c)* प्रो० उमेश वार्ष्णेय

*(d)* प्रो० जयंत भालचंद्र उदगाँवकर

**4.** ग्रामीण भारत महोत्सव, 2025 से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. इसका उद्देश्य ग्रामीण जनसंख्या के मध्य आर्थिक स्थायित्व और वित्तीय सुरक्षा का संवर्धन करना है।
2. यह वित्तीय समावेश और संधारणीय कृषि पद्धतियों के समर्थन पर केन्द्रित है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**5.** निम्नलिखित में से किस संगठन को 2024 OPCW (रासायनिक हथियार निषेध संगठन)-द हेग पुरस्कार प्रदान किया गया है?

*(a)* भारतीय रासायनिक परिषद्

*(b)* भारतीय रासायनिक सोसाइटी

*(c)* राष्ट्रीय प्राधिकरण रासायनिक हथियार समझौता

*(d)* गुजरात फ्लुओरोकेमिकल्स लिमिटेड

**1.** Which of the statements given below is/are correct?

1. The National Green Hydrogen Mission (NGHM) was approved by the Union Cabinet, Government of India, in the year 2023.
2. The Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Government of India, has launched the Green Hydrogen Certification Scheme of India.

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**2.** India and Poland have agreed to implement the 'India-Poland Strategic Partnership' in terms of a Five-Year Action Plan. Identify the current Five-Year Action Plan.

*(a)* Action Plan 2023–27

*(b)* Action Plan 2022–26

*(c)* Action Plan 2024–28

*(d)* Action Plan 2025–29

**3.** 'Rashtriya Vigyan Puraskar, 2024' under the category of 'Vigyan Ratna Award' was given to

*(a)* Prof. Govindarajan Padmanabhan

*(b)* Dr. Anandharamakrishnan C.

*(c)* Prof. Umesh Varshney

*(d)* Prof. Jayant Bhalchandra Udgaonkar

**4.** Which among the following statements with regard to Grameen Bharat Mahotsav, 2025 is/are correct?

1. It aims at promoting economic stability and financial security among rural population.
2. It focuses on financial inclusion and supporting sustainable agricultural practices.

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**5.** The 2024 OPCW (Organization for the Prohibition of Chemical Weapons)-The Hague Award has been conferred upon which one of the following organizations?

*(a)* The Indian Chemical Council

*(b)* The Indian Chemical Society

*(c)* The National Authority Chemical Weapons Convention

*(d)* Gujarat Fluorochemicals Limited

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य भारत सरकार के पूर्वोदय विकास पहल का भाग **नहीं** है?

*(a)* बिहार

*(b)* छत्तीसगढ़

*(c)* झारखंड

*(d)* पश्चिम बंगाल

**7.** 'राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. इसमें लघु, मध्यम और बड़े उद्योग शामिल हैं।
2. यह स्वच्छ प्रौद्योगिकी विनिर्माण को सहायता प्रदान करेगा।
3. यह श्रम-सघन क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने को सुकर बनाएगा।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1 और 2

*(d)* 1, 2 और 3

**8.** घाटमपुर ताप विद्युत् परियोजना कहाँ स्थित है?

*(a)* बिहार

*(b)* उत्तर प्रदेश

*(c)* मध्य प्रदेश

*(d)* गुजरात

**9.** भारत द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध संचालित निम्नलिखित सैन्य अभियानों (military operations) को सही कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

1. ऑपरेशन कैक्टस लिली
2. ऑपरेशन रिडल
3. ऑपरेशन मेघदूत
4. ऑपरेशन सफेद सागर

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* 1–2–3–4

*(b)* 2–1–3–4

*(c)* 4–1–2–3

*(d)* 4–2–1–3

**10.** हाल ही में निर्वाचित जर्मनी के चांसलर मिस्टर फ्रेडरिक मर्ज़ के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. पहले दौर के मतदान में वे हार गए थे।
2. उनके गठबंधन में क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन और क्रिश्चियन सोशल यूनियन शामिल हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**6.** Which among the following States is ***not*** a part of the Purvodaya development initiative of the Government of India?

*(a)* Bihar

*(b)* Chhattisgarh

*(c)* Jharkhand

*(d)* West Bengal

**7.** Which of the following statements with regard to the 'National Manufacturing Mission' is/are correct?

1. It covers small, medium and large industries.
2. It will support cleantech manufacturing.
3. It will facilitate promotion of employment opportunities in labour-intensive sectors.

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1 and 2 only

*(d)* 1, 2 and 3

**8.** The Ghatampur Thermal Power Project is located at

*(a)* Bihar

*(b)* Uttar Pradesh

*(c)* Madhya Pradesh

*(d)* Gujarat

**9.** Arrange the following military operations undertaken by India against Pakistan in correct chronological order :

1. Operation Cactus Lily
2. Operation Riddle
3. Operation Meghdoot
4. Operation Safed Sagar

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1–2–3–4

*(b)* 2–1–3–4

*(c)* 4–1–2–3

*(d)* 4–2–1–3

**10.** Which of the following statements is/are correct about recently elected Chancellor of Germany Mr. Friedrich Merz?

1. He lost in the first round of voting.
2. His coalition includes Christian Democratic Union and Christian Social Union.

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**11.** वस्तु का स्वरूप और आय लोच के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से सही सुमेलित हैं?

| **वस्तु का स्वरूप** | | **आय लोच** |
|---|---|---|
| 1. आवश्यकता | : | 0 और 1 के मध्य |
| 2. विलासिता | : | 1 से अधिक |
| 3. निम्नस्तरीय | : | 0 से अधिक |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 3

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 2

*(d)* 1, 2 और 3

**12.** माँग की कीमत लोच और फर्म के प्रकार के मध्य संबंध के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. पूर्णतः लोचदार माँग किसी प्रतिस्पर्धी फर्म से संबंधित होती है।
2. पूर्णतः लोचहीन माँग किसी एकाधिकारी रूप से प्रतिस्पर्धी फर्म से संबंधित होती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**13.** तुलनात्मक सुलाभ सिद्धांत (CAT) एक व्यापार सिद्धांत है जो दो राष्ट्रों के बीच व्यापार में संलग्न होने के आधार का वर्णन करता है। इस सिद्धांत के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* डेविड रिकार्डो CAT का लेखक था।

*(b)* *ऑन द प्रिंसिपल्स ऑफ पॉलिटिकल ईकोनॉमी ऐंड टैक्सेशन* नामक पुस्तक में CAT की व्याख्या की गई, जो सर्वप्रथम 1817 में प्रकाशित हुई थी।

*(c)* CAT के अनुसार, उस राष्ट्र को व्यापार से लाभ नहीं हो सकता है जिसका किसी माल (goods) में पूर्ण सुलाभ (absolute advantage) नहीं है।

*(d)* व्यापार में संलग्न दो राष्ट्र उस पण्य (commodity) में विशेषज्ञता हासिल करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं जिसमें उन्हें एक तुलनात्मक सुलाभ (comparative advantage) है।

**14.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (लेखक)** | **सूची–II (पुस्तक)** |
|---|---|
| A. जॉन एम॰ कीन्स | 1. *पूअर ईकोनॉमिक्स* |
| B. पॉल सैमुएलसन | 2. *द जनरल थ्योरी ऑफ इंप्लॉयमेंट, इंटरेस्ट ऐंड मनी* |
| C. अमर्त्य सेन | 3. *कलेक्टिव चॉइस ऐंड सोशल वेल्फेअर* |
| D. अभिजीत वी॰ बनर्जी और एस्थर डुफ्लो | 4. *फाउंडेशन्स ऑफ ईकोनॉमिक ऐनालिसिस* |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 3 | 4 | 2 |
| *(b)* | 2 | 4 | 3 | 1 |
| *(c)* | 2 | 3 | 4 | 1 |
| *(d)* | 1 | 4 | 3 | 2 |

11. Which among the following regarding the nature of goods and income elasticity are correctly matched?

| *Nature of Goods* | | *Income Elasticity* |
|---|---|---|
| 1. Necessity | : | Between 0 and 1 |
| 2. Luxury | : | More than 1 |
| 3. Inferior | : | More than 0 |

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1 and 3 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 2 only

*(d)* 1, 2 and 3

12. Which of the following statements about the relationship between price elasticity of demand and type of firm is/are correct?

1. Perfectly elastic demand is associated with a competitive firm.
2. Perfectly inelastic demand is associated with a monopolistically competitive firm.

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

13. The comparative advantage theory (CAT) is a trade theory that describes the basis of two nations engaging in trade. Which one among the following statements regarding the theory is ***not*** correct?

*(a)* David Ricardo was the author of the CAT.

*(b)* The CAT is explained in the book titled *On the Principles of Political Economy and Taxation* that was first published in 1817.

*(c)* According to the CAT, the nation which does not have absolute advantage in any goods cannot benefit from trade.

*(d)* The two nations that engage in trade can gain from specializing in the commodity in which they have a comparative advantage.

14. Match List–I with List–II and select the answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Author)* | *List–II (Book)* |
|---|---|
| A. John M. Keynes | 1. *Poor Economics* |
| B. Paul Samuelson | 2. *The General Theory of Employment, Interest and Money* |
| C. Amartya Sen | 3. *Collective Choice and Social Welfare* |
| D. Abhijit V. Banerjee and Esther Duflo | 4. *Foundations of Economic Analysis* |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 3 | 4 | 2 |
| *(b)* | 2 | 4 | 3 | 1 |
| *(c)* | 2 | 3 | 4 | 1 |
| *(d)* | 1 | 4 | 3 | 2 |

**15.** वर्ष 2025 में निम्नलिखित में से किसके तत्त्वावधान में आयोजित की गई बैठक का विषय 'बुद्धिमान युग के लिए सहयोग (Collaboration for the Intelligent Age)' था?

(a) विश्व आर्थिक मंच (World Economic Forum)

(b) G7

(c) G20

(d) विश्व व्यापार संगठन (World Trade Organization)

**16.** नंदिनी सहकार स्कीम के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इस स्कीम का उद्देश्य राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत महिला सहकारी समितियों को व्यवसाय मॉडल आधारित गतिविधि आरंभ करने में सहायता करना है।
2. वित्तीय सहायता की कोई न्यूनतम या अधिकतम सीमा नहीं है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**17.** केन्द्रीय बजट, 2025–26 में व्यय की निम्नलिखित में से किस मद को उच्चतम आबंटन प्राप्त हुआ?

(a) केन्द्रीय प्रायोजित योजना

(b) पेंशन

(c) ब्याज भुगतान

(d) रक्षा

**18.** भारत के सेवा निर्यात के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही **नहीं** है/हैं?

1. वैश्विक सेवा निर्यात में भारत के हिस्से में दोगुनी से अधिक वृद्धि हुई है, 2005 में यह 1·9 प्रतिशत था, जो 2023 में बढ़कर लगभग 4·3 प्रतिशत पर पहुँच गया है।
2. 'यात्रा' और 'परिवहन' सेवाएँ ऐसे क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करती हैं जहाँ वैश्विक निर्यात में भारत का अपेक्षाकृत अधिक हिस्सा है, जो 2023 में क्रमशः 10·2 प्रतिशत और 8·5 प्रतिशत रहा है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**19.** केन्द्रीय बजट, 2025–26 में निम्नलिखित में से किसे 'विकास के इंजनों' में से एक के रूप में चिह्नित **नहीं** किया गया है?

(a) वस्त्र

(b) कृषि

(c) निवेश

(d) निर्यात

**15.** 'Collaboration for the Intelligent Age' was the theme of a meeting convened in 2025 under the aegis of

*(a)* the World Economic Forum

*(b)* the G7

*(c)* the G20

*(d)* the World Trade Organization

**16.** Consider the following statements about Nandini Sahakar Scheme :

1. This scheme is aimed at assisting women cooperatives to take up business model based activities under the purview of the National Cooperative Development Corporation (NCDC).
2. There is no minimum or maximum limit on financial assistance.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**17.** Which one among the following items of expenditure received the highest allocations in the Union Budget, 2025–26?

*(a)* Centrally sponsored schemes

*(b)* Pensions

*(c)* Interest payments

*(d)* Defence

**18.** Which among the following statements regarding India's services export is/are ***not*** correct?

1. India's share in global services export has more than doubled, reaching around 4·3 percent in 2023 from 1·9 percent in 2005.
2. 'Travel' and 'Transport' services represent areas where India holds a relatively larger share in global export, at 10·2 percent and 8·5 percent respectively in 2023.

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**19.** Which one among the following is ***not*** identified as one of the 'Engines of Development' in the Union Budget, 2025–26?

*(a)* Textiles

*(b)* Agriculture

*(c)* Investment

*(d)* Export

**20.** निम्नलिखित में से कौन-सी योजना भारतीय कृषि क्षेत्र में आधुनिक अवसंरचना का विकास करने और खेत से खुदरा बाजार तक आपूर्ति शृंखला को इष्टतम करने पर केन्द्रित है?

(a) प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (PMKSY)

(b) राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (RKVY)

(c) प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना (PMKMY)

(d) परंपरागत कृषि विकास योजना (PKVY)

**21.** निम्नलिखित में से कौन-सा वित्तीय संस्थान भारत में सेवाओं के लिए मासिक क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI) सूचित करता है?

(a) HSBC

(b) RBI

(c) HDFC

(d) IDBI

**22.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद् (FSDC) की स्थापना 2010 में की गई।

(b) राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (NLP) 2022 में प्रारंभ की गई।

(c) ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (RIDF) की स्थापना 1995–96 के दौरान नाबार्ड (NABARD) में की गई।

(d) G20 का गठन 2001 में वित्त मंत्रियों और केन्द्रीय बैंक गवर्नरों के मंच के रूप में किया गया।

**23.** केन्द्रीय बजट में निम्नलिखित में से किन वर्षों के लिए अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता (carbon intensity) कम करने हेतु राष्ट्रिक हरित बॉन्ड (Sovereign Green Bonds) जारी करने की घोषणा की गई?

(a) 2022–23

(b) 2021–22

(c) 2023–24

(d) 2019–20

**24.** 2025–26 के बजट प्राक्कलनों में भारत के GDP के प्रतिशत के रूप में अनुमानित राजकोषीय घाटा निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(a) 4·8 प्रतिशत

(b) 4·4 प्रतिशत

(c) 5·0 प्रतिशत

(d) 5·6 प्रतिशत

**25.** भारत सरकार द्वारा मजदूरी संहिता (Code on Wages) को किस वर्ष अधिसूचित किया गया?

(a) 2019

(b) 2020

(c) 2021

(d) 2022

**20.** Which one among the following schemes focuses on developing modern infrastructure and optimizing supply chain from farm to retail in Indian agriculture sector?

(a) Pradhan Mantri Kisan Sampada Yojana (PMKSY)

(b) Rashtriya Krishi Vikas Yojana (RKVY)

(c) Pradhan Mantri Kisan Maandhan Yojana (PMKMY)

(d) Paramparagat Krishi Vikas Yojana (PKVY)

**21.** Which one among the following financial institutions reports the monthly Purchasing Managers' Index (PMI) for services in India?

(a) HSBC

(b) RBI

(c) HDFC

(d) IDBI

**22.** Which one among the following statements is ***not*** correct?

(a) The Financial Stability and Development Council (FSDC) was set up in 2010.

(b) The National Logistics Policy (NLP) was launched in 2022.

(c) The Rural Infrastructure Development Fund (RIDF) was instituted in NABARD during 1995–96.

(d) The G20 was formed in 2001 as a forum of Finance Ministers and Central Bank Governors.

**23.** The Union Budget for which of the following years announced the issue of Sovereign Green Bonds to reduce the carbon intensity of the economy?

(a) 2022–23

(b) 2021–22

(c) 2023–24

(d) 2019–20

**24.** Which one among the following is the estimated fiscal deficit as a percentage of GDP of India in the Budget Estimates of 2025–26?

(a) 4·8 percent

(b) 4·4 percent

(c) 5·0 percent

(d) 5·6 percent

**25.** The Code on Wages was notified by the Government of India in the year

(a) 2019

(b) 2020

(c) 2021

(d) 2022

**26.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

| सूची–I (ब्रिटिश संसद का अधिनियम) | | सूची–II (मुख्य उपबंध) |
|---|---|---|
| A. पिट्स इंडिया ऐक्ट, 1784 | 1. | गवर्नर-जनरल के विधान-परिषद् का विस्तार |
| B. चार्टर ऐक्ट, 1813 | 2. | रोज़गार और उच्चतर सेवा के मामलों में भारतीयों के विरुद्ध भेदभाव हटाए गए |
| C. चार्टर ऐक्ट, 1833 | 3. | भारत के मामलों का नियंत्रण करने के लिए क्राउन द्वारा गठित बोर्ड |
| D. चार्टर ऐक्ट, 1853 | 4. | भारतीय व्यापार पर ईस्ट इंडिया कंपनी के एकाधिकार की समाप्ति |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 4 | 2 | 3 |
| *(b)* | 1 | 2 | 4 | 3 |
| *(c)* | 3 | 4 | 2 | 1 |
| *(d)* | 3 | 2 | 4 | 1 |

**27.** गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट, 1919 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसने प्रशासन के विषयों को दो श्रेणियों में विभाजित किया—केन्द्रीय और प्रान्तीय।
2. केन्द्रीय विषयों को 'आरक्षित (reserved)' और 'अंतरित (transferred)' विषयों में विभाजित किया गया।
3. प्रांतीय सरकारों को अपना निजी बजट बनाने और कर उगाही की शक्ति प्रदान की गई।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**28.** निम्नलिखित में से उस सही विकल्प की पहचान कीजिए जो 42वाँ संशोधन अधिनियम, 1976 के माध्यम से भारत के संविधान के अनुच्छेद 74(1) में किए गए परिवर्तनों को दर्शाता है।

*(a)* संघ की कार्यपालिका शक्तियाँ भारत के राष्ट्रपति में निहित होंगी।

*(b)* मंत्रिपरिषद् के विनिश्चयों के बारे में राष्ट्रपति को जानकारी देना प्रधानमंत्री का कर्तव्य है।

*(c)* राष्ट्रपति अपने कृत्यों का प्रयोग प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिपरिषद् की सलाह के अनुसार करेगा।

*(d)* राष्ट्रपति को संसद के सदनों को आहूत करने या सत्रावसान करने का अधिकार होगा।

**26.** Match List–I with List–II and select the answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Act of the British Parliament)* | *List–II (Key Provision)* |
|---|---|
| A. The Pitt's India Act, 1784 | 1. Enlargement of the Governor-General's Legislative Council |
| B. The Charter Act, 1813 | 2. Discrimination against Indians removed in matters of employment and higher service |
| C. The Charter Act, 1833 | 3. Board set up by the Crown to control affairs of India |
| D. The Charter Act, 1853 | 4. Termination of monopoly of East India Company over Indian trade |

*Code* :

*(a)* A B C D
1 4 2 3

*(b)* A B C D
1 2 4 3

*(c)* A B C D
3 4 2 1

*(d)* A B C D
3 2 4 1

**27.** Consider the following statements regarding the Government of India Act, 1919 :

1. It divided the subjects of administration in two categories—central and provincial.

2. The central subjects were divided into 'reserved' and 'transferred' subjects.

3. Provincial Governments were granted the power to make their own budgets and levy taxes.

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**28.** From amongst the following, identify the correct option that captures the changes made in Article 74(1) of the Constitution of India through the 42nd Amendment Act, 1976.

*(a)* Executive powers of the Union shall be vested with the President of India.

*(b)* The Prime Minister has the duty to brief the President about decisions of the Council of Ministers.

*(c)* The President shall exercise his/her functions on the advice of the Council of Ministers, headed by the Prime Minister.

*(d)* The President shall have the right to summon or prorogue the Houses of the Parliament.

**29.** भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की शक्तियों और कर्तव्यों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वह भारत की संचित निधि से किए गए सभी व्ययों की लेखापरीक्षा करता है और रिपोर्ट तैयार करता है।

2. वह भारत की संचित निधि से धन के निर्गम और प्राप्ति को नियंत्रित करता है।

3. वह संघ या राज्य के राजस्वों से पर्याप्त रूप में वित्तपोषित सभी निकायों के व्यय की लेखापरीक्षा करता है और रिपोर्ट तैयार करता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**30.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

| सूची–I (समिति का नाम) | सूची–II (मुख्य सिफारिश) |
|---|---|
| A. बलवंतराय मेहता समिति | 1. पंचायती राज के लिए सांविधानिक दर्जा |
| B. अशोक मेहता समिति | 2. जिला विकास आयुक्त के पद का सृजन |
| C. जी॰ वी॰ के॰ राव समिति | 3. जिला परिषद् और मंडल पंचायत का सृजन |
| D. एल॰ एम॰ सिंघवी समिति | 4. जिला परिषद्, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत का सृजन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 3 | 2 | 1 |
| *(b)* | 4 | 2 | 3 | 1 |
| *(c)* | 1 | 3 | 2 | 4 |
| *(d)* | 1 | 2 | 3 | 4 |

**31.** निम्नलिखित क्षेत्रीय संगठनों को, उनकी स्थापना के वर्ष के आधार पर सही कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

1. शंघाई सहयोग संगठन

2. दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन

3. एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग

4. दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* 3–2–1–4

*(b)* 4–2–3–1

*(c)* 3–1–2–4

*(d)* 4–3–2–1

29. Consider the following statements about the powers and duties of the Comptroller and Auditor General of India :

1. He audits and reports on all expenditures from the Consolidated Fund of India.
2. He controls the issue and receipt of money from the Consolidated Fund of India.
3. He audits and reports on the expenditure of all bodies substantially financed from the Union or State revenues.

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

30. Match List–I with List–II and select the answer using the code given below the Lists :

| *List–I* *(Name of the Committee)* | *List–II* *(Key Recommendation)* |
|---|---|
| A. Balwantrai Mehta Committee | 1. Constitutional status for Panchayati Raj |
| B. Ashok Mehta Committee | 2. Creation of post of District Development Commissioner |
| C. G. V. K. Rao Committee | 3. Creation of Zilla Parishad and Mandal Panchayat |
| D. L. M. Singhvi Committee | 4. Creation of Zilla Parishad, Panchayat Samiti and Gram Panchayat |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 3 | 2 | 1 |
| *(b)* | 4 | 2 | 3 | 1 |
| *(c)* | 1 | 3 | 2 | 4 |
| *(d)* | 1 | 2 | 3 | 4 |

31. Based on the year of their establishment, arrange the following regional organizations in correct chronological order :

1. The Shanghai Cooperation Organization
2. The South Asian Association for Regional Cooperation
3. The Asia-Pacific Economic Cooperation
4. The Association of Southeast Asian Nations

Select the answer using the code given below.

*(a)* 3–2–1–4

*(b)* 4–2–3–1

*(c)* 3–1–2–4

*(d)* 4–3–2–1

**32.** यूनाइटेड नेशंस कार्बन ऑफसेट प्लेटफॉर्म एक ऐसा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म है जो कार्बन क्रेडिट खरीदकर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जनों की प्रतिपूर्ति करता है। निम्नलिखित में से कौन इन कार्बन क्रेडिटों को खरीद सकता है/सकते हैं?

1. कोई कंपनी
2. कोई संगठन
3. कोई नागरिक

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 1

**33.** इनमें से कौन 'सिक्किम प्रजा मंडल' के संस्थापक थे?

*(a)* काजी लेंडुप दोरजी खंगसरपा

*(b)* अंगमी जपू फिज़ो

*(c)* लालडेंगा

*(d)* नर बहादुर भंडारी

**34.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* भारत का उच्चतम न्यायालय एक अभिलेख न्यायालय है।

*(b)* भारत में उच्च न्यायालय अभिलेख न्यायालय हैं।

*(c)* भारत में अधीनस्थ न्यायालय अभिलेख न्यायालय हैं।

*(d)* भारत में सभी न्यायालय अभिलेख न्यायालय नहीं हैं।

**35.** अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. पहला खाड़ी युद्ध इराक द्वारा कुवैत पर आक्रमण से संबंधित था।
2. सोवियत संघ के विघटन के समय मिखाइल गोर्बाचेव उसके राष्ट्रपति थे।
3. बोरिस येल्तसिन रूस के पहले निर्वाचित राष्ट्रपति थे।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

*(a)* शून्य

*(b)* 1

*(c)* 2

*(d)* 3

**36.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. WTO की स्थापना GATT के उत्तरवर्ती (successor) के रूप में की गई थी।
2. IAEA टीम विश्व भर में परमाणु सुविधाओं (nuclear facilities) का निरीक्षण करती हैं।
3. एमनेस्टी इंटरनैशनल एक गैर-सरकारी संगठन (NGO) है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

*(a)* शून्य

*(b)* 1

*(c)* 2

*(d)* 3

**32.** The United Nations Carbon Offset Platform is an e-commerce platform to compensate greenhouse gas emissions by purchasing carbon credits. Who among the following can buy these carbon credits?

1. A company
2. An organization
3. A citizen

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1 only

**33.** Who among the following was the founder of 'Sikkim Praja Mandal' ?

*(a)* Kazi Lhendup Dorji Khangsarpa

*(b)* Angami Zapu Phizo

*(c)* Laldenga

*(d)* Nar Bahadur Bhandari

**34.** Which one of the following statements is ***not*** correct?

*(a)* The Supreme Court of India is a Court of Record.

*(b)* High Courts in India are Courts of Record.

*(c)* Subordinate Courts in India are Courts of Record.

*(d)* All Courts in India are not Courts of Record.

**35.** Consider the following statements about international events :

1. The First Gulf War was related to the Iraq invasion of Kuwait.
2. Mikhail Gorbachev was the President of the Soviet Union at the time of its disintegration.
3. Boris Yeltsin was the first elected President of Russia.

How many of the statements given above are correct?

*(a)* Nil

*(b)* 1

*(c)* 2

*(d)* 3

**36.** Consider the following statements :

1. WTO was set up as the successor to GATT.
2. IAEA teams inspect nuclear facilities all over the world.
3. Amnesty International is an NGO.

How many of the statements given above are correct?

*(a)* Nil

*(b)* 1

*(c)* 2

*(d)* 3

**37.** भूदान आंदोलन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. इसका उद्देश्य एक अहिंसक समाज की स्थापना करना था।

2. इसमें 'संपत्तिदान' और 'श्रमदान' जैसी योजनाएँ शामिल थीं।

3. इसका प्रारंभ 1951 में आंध्र प्रदेश के एक गाँव में हुआ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**38.** रक्षा विभाग (DoD) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* इसका प्रमुख रक्षा सचिव होता है।

*(b)* इसका संबंध रक्षा नीति और आयोजना से है।

*(c)* यह संसाधनों के इष्टतम उपयोग के लिए मिलिटरी कमान के पुनर्गठन को सुकर बनाता है।

*(d)* यह विदेशी राष्ट्रों के साथ रक्षा सहयोग के लिए उत्तरदायी है।

**39.** वर्षा के आह्वान के रूप में कौन-सा हिन्दुस्तानी शास्त्रीय राग गाया जाता है?

*(a)* राग यमन

*(b)* राग बहार

*(c)* राग मल्हार

*(d)* राग भैरवी

**40.** इन शास्त्रीय कवियों में से *किरातार्जुनीयम्* पुस्तक का लेखक कौन है?

*(a)* तिरुवल्लुवर

*(b)* भारवि

*(c)* वाल्मीकि

*(d)* पाणिनि

**37.** Which of the following statements about the Bhoodan Movement are correct?

1. It was aimed at attaining a non-violent society.

2. It included schemes such as 'Sampattidan' and 'Shramdan'.

3. It began in a village in Andhra Pradesh in 1951.

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**38.** Which one among the following statements about the Department of Defence (DoD) is ***not*** correct?

*(a)* It is headed by the Defence Secretary.

*(b)* It deals with defence policy and planning.

*(c)* It facilitates the restructuring of military commands for optimal utilization of resources.

*(d)* It is responsible for defence cooperation with foreign countries.

**39.** Which Hindustani classical Raag is sung as an invitation to rain?

*(a)* Raag Yaman

*(b)* Raag Bahar

*(c)* Raag Malhar

*(d)* Raag Bhairavi

**40.** Who among the following classical poets is the author of the book *Kiratarjuniyam* ?

*(a)* Thiruvalluvar

*(b)* Bharavi

*(c)* Valmiki

*(d)* Panini

**41.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्राचीन शहर अपने प्रारंभिक हड़प्पा स्तरों (early Harappan levels) में पाए गए जोते हुए खेत के साक्ष्य के लिए जाना जाता है, जिसमें एक-दूसरे के समकोण पर हल-रेखाओं (furrows) के दो समूह हैं, जो एक साथ उगाई गई दो अलग-अलग फसलों की ओर इंगित करते हैं?

*(a)* धौलावीरा

*(b)* राखीगढ़ी

*(c)* कुणाल

*(d)* कालीबंगा

**42.** विजयनगर के राजा कृष्णदेवराय ने शासनकला पर *आमुक्तमाल्यद* नामक ग्रंथ की रचना किस भाषा में की?

*(a)* तेलुगु

*(b)* कन्नड़

*(c)* तमिल

*(d)* संस्कृत

**43.** इनमें से किस यात्री ने कर्नाटक के तटीय क्षेत्र में बीज बोने की मशीन (सीड ड्रिल) के उपयोग के बारे में उल्लेख किया है जो भारत में इस उपकरण के विद्यमान होने का सबसे पुराना संदर्भ है?

*(a)* दुआर्ते बरबोसा

*(b)* अब्दुर रज़्ज़ाक

*(c)* अफानासी निकितिन

*(d)* निकोलो कॉन्टी

**44.** निम्नलिखित में से 'सारसेनिक' वास्तुकला की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं?

1. मेहराब
2. तहखाना और गुंबद
3. लिंटल और बीम
4. चूना सीमेंट का प्रयोग

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* 2 और 3

*(c)* 1, 2 और 4

*(d)* 1, 3 और 4

**45.** प्राचीन दक्षिण भारत के संदर्भ में 'विचित्रचित्त', 'चित्रकारपुलि' और 'चैत्यकारी' शब्द किससे संबंधित हैं?

*(a)* बाजार

*(b)* मंदिर

*(c)* उपाधि

*(d)* रंग बनाने के केन्द्र

**46.** निम्नलिखित में से किस हड़प्पा स्थल में एक घर के शौचालय से धावन पात्र (वाश बेसिन) के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं?

*(a)* बनावली

*(b)* राखीगढ़ी

*(c)* धौलावीरा

*(d)* लोथल

**41.** Which one of the following ancient towns is known for the evidence of a ploughed field from its early Harappan levels, with two sets of furrows at right angles to each other, suggesting two different crops grown together?

*(a)* Dholavira

*(b)* Rakhigarhi

*(c)* Kunal

*(d)* Kalibangan

**42.** Krishnadevaraya, a king of Vijayanagara, composed a work on statecraft known as *Amuktamalyada* in

*(a)* Telugu

*(b)* Kannada

*(c)* Tamil

*(d)* Sanskrit

**43.** Who among the following travellers reported the use of seed drill on the Karnataka coast which is considered to be the earliest reference of the presence of the device in India?

*(a)* Duarte Barbosa

*(b)* Abdur Razzaq

*(c)* Afanasy Nikitin

*(d)* Niccolo Conti

**44.** Which of the following are the main features of 'Saracenic' architecture?

1. Arch
2. Vault and dome
3. Lintel and beam
4. Application of lime cement

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3

*(c)* 1, 2 and 4

*(d)* 1, 3 and 4

**45.** With reference to ancient South India, the terms 'Vichitrachitta', 'Chitrakarapuli' and 'Chaityakari' refer to

*(a)* markets

*(b)* temples

*(c)* titles

*(d)* centres of colour making

**46.** Which one of the following Harappan sites has yielded evidence of a wash basin in the toilet of a house?

*(a)* Banawali

*(b)* Rakhigarhi

*(c)* Dholavira

*(d)* Lothal

**47.** 1857 की क्रांति के दौरान चिनहट के प्रसिद्ध युद्ध में, इनमें से किस ब्रिटिश कमांडर को हार का सामना करना पड़ा?

*(a)* हेनरी लॉरेंस

*(b)* कैप्टन हर्सी

*(c)* फ्रैंकोइस सिस्टन

*(d)* चार्ल्स बाल

**48.** उड़ीसा के इतिहास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अनंतवर्मन चोडगंग ने उड़ीसा को शक्तिशाली राज्य के रूप में संगठित किया और वे संस्कृत और तेलुगु साहित्य के संरक्षक थे।
2. अनंतवर्मन चोडगंग ने पुरी जिले के कोणार्क में सूर्य देवता के बृहद् मंदिर का निर्माण किया।
3. नरसिम्हा I ने बाह्य आक्रमण (external invasion) को प्रभावी ढंग से रोका और राज्य की समृद्धि को बनाए रखा।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

*(a)* 1

*(b)* 2

*(c)* 3

*(d)* कोई नहीं

**49.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | **साहित्यिक कृति** | | **लेखक** |
|---|---|---|---|
| 1. | *ऋगर्थदीपिका* | : | माधव योगी |
| 2. | *कटक* | : | वेंकट माधव |
| 3. | *दमयंती-कथा* | : | त्रिविक्रम भट्ट |
| 4. | *यशस्तिलक चंपू* | : | सोमदेव |

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

*(a)* 1

*(b)* 2

*(c)* 3

*(d)* 4

**50.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | **राजा** | | **राजवंश** |
|---|---|---|---|
| 1. | लक्ष्मीकर्ण | : | पाल |
| 2. | भीम I | : | गुजरात के चालुक्य |
| 3. | जयपाल | : | शाहिया राजवंश |
| 4. | ललितादित्य मुक्तापीड़ | : | कश्मीर का उत्पल राजवंश |

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

*(a)* 1

*(b)* 2

*(c)* 3

*(d)* 4

**47.** Who among the following British Commanders suffered defeat in the famous Battle of Chinhat during the 1857 Revolt?

*(a)* Henry Lawrence

*(b)* Captain Hearsey

*(c)* Francois Sisten

*(d)* Charles Ball

**48.** With reference to the history of Orissa, consider the following statements :

1. Anantavarman Chodaganga consolidated Orissa into a powerful kingdom and was patron of Sanskrit and Telugu literature.

2. Anantavarman Chodaganga built the great temple of the Sun God at Konark in Puri district.

3. Narasimha I effectively checked the external invasion and maintained prosperity in the kingdom.

How many statements given above are correct?

*(a)* 1

*(b)* 2

*(c)* 3

*(d)* None

**49.** Consider the following pairs :

| *Literary Work* | | *Author* |
|---|---|---|
| 1. *Rigarthadipika* | : | Madhava Yogi |
| 2. *Kataka* | : | Venkata Madhava |
| 3. *Damayanti-Katha* | : | Trivikrama Bhatta |
| 4. *Yashastilaka Champu* | : | Somadeva |

How many pairs given above are correctly matched?

*(a)* 1

*(b)* 2

*(c)* 3

*(d)* 4

**50.** Consider the following pairs :

| *King* | | *Dynasty* |
|---|---|---|
| 1. Lakshmikarna | : | Pala |
| 2. Bhima I | : | Chalukyas of Gujarat |
| 3. Jayapala | : | Shahiya dynasty |
| 4. Lalitaditya Muktapida | : | Utpala dynasty of Kashmir |

How many pairs given above are correctly matched?

*(a)* 1

*(b)* 2

*(c)* 3

*(d)* 4

**51.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ऑल इंडिया डिप्रेस्ड क्लासेस कॉन्फ्रेंस की पहली बैठक 1926 में एम० सी० राजा की अध्यक्षता में पूना में हुई थी।
2. ऑल इंडिया डिप्रेस्ड क्लासेस ऐसोसिएशन की स्थापना 1928 में नागपुर में हुई और डॉ० भीमराव अंबेडकर इसके पहले निर्वाचित अध्यक्ष बने।
3. ऑल इंडिया डिप्रेस्ड क्लासेस काँग्रेस की स्थापना डॉ० बी० एस० मुंजे द्वारा 1936 में बम्बई के एक सम्मेलन में की गई थी।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* कोई नहीं

**52.** उत्तर भारतीय राज्यों के पर्वतीय क्षेत्रों में प्राचीन वास्तुकला के विकास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. मंदिर के 'गर्भगृह' और 'शिखर' को रेखा-प्रसाद या लैटिना शैली में बनाया जाता था।
2. कश्मीर में पंद्रेथन मंदिर एक जलाशय के मध्य वेदी पर बना है।
3. जागेश्वर मंदिर गढ़वाल क्षेत्र में स्थित है।
4. लक्षणा देवी मंदिर में गुप्तोत्तर परंपरा का प्रभाव दिखाई देता है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

*(a)* 1

*(b)* 2

*(c)* 3

*(d)* 4

**53.** असम के चाय बागानों में अनुबंधित प्रणाली (indentured system) को कब समाप्त किया गया?

*(a)* 1926

*(b)* 1934

*(c)* 1938

*(d)* 1946

**54.** भारत-रोमन व्यापार के संदर्भ में, इनमें से किन्होंने भारत में रोमन सोने के प्रवाह का उल्लेख किया है?

1. स्ट्रैबो
2. प्लिनी
3. टॉलेमी
4. डियो क्राइसोस्टोम

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

*(a)* 1 और 2

*(b)* 2 और 3

*(c)* 2 और 4

*(d)* 1 और 3

**55.** भारत के इतिहास के संदर्भ में 'कटपयादि पद्धति', 'परहित पद्धति' और 'दृग्गणित पद्धति' निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?

*(a)* खगोल-विज्ञान

*(b)* शल्य-चिकित्सा

*(c)* रसायन-विज्ञान

*(d)* संगीत और नृत्य

**51.** Consider the following statements :

1. The first meeting of the All India Depressed Classes Conference was held at Poona in 1926 under the presidency of M. C. Rajah.
2. The All India Depressed Classes Association was formed at Nagpur in 1928 with Dr. Bhimrao Ambedkar as its first elected President.
3. The All India Depressed Classes Congress was founded by Dr. B. S. Munje at a conference in Bombay in 1936.

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1 and 2 only
*(b)* 2 and 3 only
*(c)* 1, 2 and 3
*(d)* None

**52.** With reference to the ancient architectural development in the hills of North Indian States, consider the following statements :

1. The temple 'Garbhagriha' and 'Shikhara' were made in a Rekha-prasada or Latina style.
2. The Pandrethan Temple in Kashmir is built on a plinth in the middle of a tank.
3. The Jageshwar Temple is located in Garhwal region.
4. The Lakshana Devi Mandir shows the influence of the post-Gupta tradition.

How many statements given above are correct?

*(a)* 1
*(b)* 2
*(c)* 3
*(d)* 4

**53.** The indentured system in tea gardens of Assam was abolished in

*(a)* 1926
*(b)* 1934
*(c)* 1938
*(d)* 1946

**54.** With reference to the Indo-Roman trade, who among the following referred to the drain of Roman gold into India?

1. Strabo
2. Pliny
3. Ptolemy
4. Dio Chrysostom

Select the answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2
*(b)* 2 and 3
*(c)* 2 and 4
*(d)* 1 and 3

**55.** With reference to the history of India, the 'Katapayadi system', the 'Parahita system' and the 'Drigganita system' are associated with

*(a)* astronomy
*(b)* surgery
*(c)* chemistry
*(d)* music and dance

56. किन्हीं तीन धनपूर्णांक (natural numbers) $a$, $b$ और $c$ के लिए यदि $\frac{bc+1}{abc+a+c} = \frac{11}{43}$, तो $abc$ का मान है

(a) 30

(b) 45

(c) 60

(d) 75

57. यदि $n$, 1 से बड़ा पूर्णांक (integer) है, तो पूर्णांक $n+n^{\frac{1}{2}}+n^{\frac{1}{3}}$ का न्यूनतम मान क्या है?

(a) 1

(b) 3

(c) 76

(d) 785

58. $(3\times1+4\times2\times1+5\times3\times2\times1+\cdots+20\times18\times17\times\cdots\times2\times1)$ का इकाई अंक है

(a) 2

(b) 3

(c) 4

(d) 5

59. भूमि पर एक बिन्दु $P$, पेड़ों के एक युग्म $A$ और $B$ के आधारों और शीर्षों की एक ही रेखा पर इस प्रकार स्थित है कि $P$ इन दोनों पेड़ों के बाईं ओर है। $A$ और $B$ की ऊँचाइयों का अनुपात 1 : 3 है। यदि $P$ और $A$ के बीच की दूरी $a$ मीटर है, तो $A$ और $B$ के बीच की दूरी, मीटर में, कितनी है?

(a) $a$

(b) $2a$

(c) $3a$

(d) $4a$

60. चार बेलनाकार ड्रम, जिनमें से प्रत्येक की त्रिज्या 1 m है, इस प्रकार रखे गए हैं कि प्रत्येक ड्रम अन्य दो ड्रमों को स्पर्श करता है। इन ड्रमों के बीच खाली स्थान से एक सीवर पाइप डाला जाना है। इस पाइप की अधिकतम संभावित त्रिज्या क्या हो सकती है?

(a) $(\sqrt{2}+1)$ m

(b) $(\sqrt{2}-1)$ m

(c) $(\pi\sqrt{2}-1)$ m

(d) $(\pi\sqrt{2}+1)$ m

61. $P$ और $Q$ एक राजमार्ग पर 300 km की दूरी पर दो स्थान (points) हैं। दो बाइक सवार $A$ और $B$ एक ही समय पर $P$ से $Q$ की ओर चलना शुरू करते हैं। $B$ की चाल (speed) $A$ की चाल से 12 km/h कम है। स्थान $Q$ पर पहुँचने पर, बाइक सवार $A$ तुरंत $P$ की ओर लौटता है। वह $Q$ से 60 km दूर सड़क पर स्थित एक स्थान पर $B$ से मिलता है। $A$ की चाल क्या है?

(a) 38 km/h

(b) 30 km/h

(c) 36 km/h

(d) 35 km/h

56. For any three natural numbers $a$, $b$ and $c$, if $\frac{bc+1}{abc+a+c} = \frac{11}{43}$, then the value of $abc$ is

(a) 30

(b) 45

(c) 60

(d) 75

57. If $n$ is an integer larger than 1, then what is the least value of the integer $n + n^{\frac{1}{2}} + n^{\frac{1}{3}}$?

(a) 1

(b) 3

(c) 76

(d) 785

58. The unit digit of

$$(3 \times 1 + 4 \times 2 \times 1 + 5 \times 3 \times 2 \times 1 + \cdots + 20 \times 18 \times 17 \times \cdots \times 2 \times 1)$$

is

(a) 2

(b) 3

(c) 4

(d) 5

59. A point $P$ on the ground is on the same line as the bases and the tips of a pair of trees $A$ and $B$ such that $P$ is on the left of both these trees. The ratio of heights of $A$ and $B$ is 1 : 3. If the distance between $P$ and $A$ is $a$ metre, then the distance between $A$ and $B$, in metre, is

(a) $a$

(b) $2a$

(c) $3a$

(d) $4a$

60. Four cylindrical drums, each of radius 1 m, are placed such that each one touches other two drums. A sewer pipe is to be placed through the gap of these drums. What could be the maximum possible radius for this pipe?

(a) $(\sqrt{2}+1)$ m

(b) $(\sqrt{2}-1)$ m

(c) $(\pi\sqrt{2}-1)$ m

(d) $(\pi\sqrt{2}+1)$ m

61. $P$ and $Q$ are two points on a highway, 300 km apart. Two bikers $A$ and $B$ start at the same time from $P$ towards $Q$. The speed of $B$ is 12 km/h less than that of $A$. On reaching point $Q$, biker $A$ immediately returns towards $P$. He meets $B$ on the road at a place 60 km away from $Q$. What is the speed of $A$?

(a) 38 km/h

(b) 30 km/h

(c) 36 km/h

(d) 35 km/h

**62.** एक घड़ी को सुबह ठीक 8:00 AM पर सेट किया जाता है। घड़ी की मिनट की सुई और घंटे की सुई प्रत्येक 65 मिनट के बाद एक साथ आती हैं। जब घड़ी 8:00 PM दर्शाती है, तो निकटतम मिनट के अनुसार वास्तविक समय क्या है?

*(a)* 8:05 PM

*(b)* 8:00 PM

*(c)* 7:55 PM

*(d)* 8:02 PM

**63.** 18 cm, 24 cm और 30 cm भुजाओं वाला एक त्रिभुज एक वृत्त के अंतर्गत है। वृत्त के क्षेत्रफल का त्रिभुज के क्षेत्रफल से अनुपात लगभग कितना है?

*(a)* $1 : \pi$

*(b)* $\sqrt{\pi} : 1$

*(c)* $\pi : 1$

*(d)* $\sqrt{\pi} : 2$

**64.** यदि $a/b = 2$, $b/c = 3$, $c/d = 4$, $d/e = 3$, $e/f = 2$ और $f/g = 1 \cdot 5$, तो $\frac{a+b+c}{e-f+g}$ का मान क्या है?

*(a)* 144

*(b)* 216

*(c)* 225

*(d)* 120

**65.** निम्नलिखित में से किस वर्ष का कैलेंडर वर्ष 2025 के समान (identical) होगा?

*(a)* 2028

*(b)* 2029

*(c)* 2030

*(d)* 2031

